सीएसआईआर - केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी

सं. 1(33)/2008-स्था.I दिनांक: 15.10.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: विज्ञापन सं. APP-01/2024 दिनांक 22.08.2024 के अंतर्गत शिक्षुओं के विनियोजन के संबंध में।

संस्थान के विज्ञापन सं. APP-01/2024 दिनांक 22.08.2024 के अंतर्गत ऑनलाईन पोर्टल द्वारा शिक्षुओं के विनियोजन हेतु आवेदन प्राप्त हुए है।

इस संबंध में यह पाया गया है कि अधिकतर आवेदकों से ऑनलाईन माध्यम से प्राप्त आवेदनों में अंकतालिका (marksheet) के स्थान पर प्रमाण पत्र (certificate) संलग्न किए गए हैं। चूंकि विज्ञापन में उल्लिखित सूचना के अनुसार शिक्षुओं का चयन न्यूनतम योग्यता में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर/ छानबीन समिति द्वारा अपनाए गए मानदंडों के आधार पर किया जाना है। इस कारण समिति को निष्पक्ष जाँच कर परिणाम घोषित करने में मुश्किलें हो रही है।

अतः सभी को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं. APP-01/2024 के अंतर्गत पूर्व में प्राप्त सभी आवेदनों को रद्द किया जाता है तथा ऑनलाईन पोर्टल को संशोधित कर संस्थान की वेबसाईट पर पुनः जारी किया जा रहा है। सभी आवेदकों/ नए इच्छुक आवेदकों से अपेक्षित है कि अपना आवेदन संशोधित पोर्टल के माध्यम से पुनः आवेदन करें। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व विज्ञापन की सभी नियम एवं शर्तें ध्यान से पढ़े एवं उनका अनुपालन सुनिश्चित करें।

नोटः

- **पूर्व में भरे गए आवेदकों द्वारा आवेदनों के अलावा नए आवेदक भी आवेदन कर सकते हैं।**
- **संशोधित विज्ञापन तथा ऑनलाईन पोर्टल लिंक जल्द ही संस्थान की वेबसाइट www.ceeri.res.in के notification में दर्शाई जाएगी।**

15/10/2024

(राजन तिर्की)
अनुभाग अधिकारी